अमर उजाला 31/10/2023

'टीच अस एप' के बारे में दी जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कंप्यूटर साइंस विभाग ने टीचिंग स्टाफ सदस्यों को 'टीच अस एप' के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के मॉड्यूल जैसे अटेंडेंस, नोटिस, टाइम टेबल, लेक्चर, नोट्स के बारे में जानकारी दी गई, ताकि टीचिंग लर्निंग को इफेक्टिव किया जा सके।

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में 'टीच अस एप' कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ। संवाद

पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता में बेबी रही प्रथम : अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज के कॉमर्स संगठन द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य में पॉट डेकोरेशन, कैप्शन राइटिंग और बैज मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कॉमर्स संगठन इंचार्ज डॉ. सुमन और सभी सदस्यों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

कॉमर्स विभाग सेल्फ फाइनेंस के विभागाध्यक्ष सुरेंद्र कुंडू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सृजन क्षमता को बढ़ाना है।

प्रतियोगिता के दौरान बनाई गई वस्तुएं देखता स्टाफ। संवाद

चयनित सदस्यों में प्रधान शगुन ,उप प्रधान हर्षिता व जस्मिता व सचिव गुनीत, मुस्कान शिखा ,गौरव व अन्य सदस्यों को बैज दिए गए। पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता में बेबी प्रथम, गुनीत द्वितीय, शिखा तृतीय, आकांक्षा को सांत्वना पुरस्कार मिला। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. रवनीत कौर, डॉ. रितु गुप्ता व डॉ. पिंकी गुप्ता ने निभाई।